# आपूर्तिकर्ता की आचार संहिता

# विषय-सूची


**परिचय** 3

**मानवाधिकार और कार्य करने की स्थितियां** 4

- समुदाय और हितधारकों की सहभागिता
- विविधता, समानता और समावेशन
- संघ की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदेबाजी
- कार्यस्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा
- कार्यस्थल पर सुरक्षा
- बलात श्रम और मानव तस्करी
- बाल श्रम
- कार्य के घंटे, वेतन और लाभ
- नैतिकता से की गई भर्ती
- अल्पसंख्यकों और मूल निवासियों के अधिकार
- भूमि से जुड़े अधिकार और बलपूर्वक निष्कासन
- AAM को समस्याओं की रिपोर्ट करना

**पर्यावरणीय स्थिरता** 8

- अपशिष्ट
- GHG उत्सर्जन और ऊर्जा
- पानी
- उत्तरदायी रसायन प्रबंधन
- पशु कल्याण
- जैव विविधता, भूमि का उपयोग और वनोन्मूलन
- प्रबंधन प्रणाली प्रमाणीकरण

**उत्तरदायी स्रोत और सम्यक तत्परता** 11

**उत्पाद समग्रता** 12

**व्यापारिक नैतिकताएं** 13

- रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार
- उपहार और मनोरंजन
- व्यापारिक रिकॉर्ड
- हितों के टकराव
- उचित व्यापार प्रथाएं
- निर्यात नियंत्रण और आर्थिक प्रतिबंध

**विरोधाभासी आवश्यकताएं** 15

**कानूनी एवं अनुपालन समर्थन और नीतियों एवं संदर्भों के लिंक** 16

# परिचय

AAM मानवाधिकारों, पर्यावरण प्रबंधन और नैतिक आचरण के उच्चतम मानकों का सम्मान करने के लिए वचनबद्ध है। हम अपने आपूर्तिकर्ताओं को साझेदार के तौर पर देखते हैं और उनके व्यापार करने के तरीके की परवाह करते हैं। AAM आपूर्तिकर्ता आचार संहिता नैतिक और उत्तरदायी प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए हमारे आपूर्ति साझीदारों के साथ सक्रिय सहयोग स्थापित करने की हमारी महत्वाकांक्षा का परिणाम है जो मानवाधिकारों, व्यापारिक नैतिकता और पर्यावरण के लिए सम्मान को बढ़ावा देती है।

हमारे आपूर्तिकर्ता भागीदारों का मूल्यांकन और चयन मात्र आर्थिक मानदंडों के आधार पर ना होकर और भी कई चीजों को ध्यान में रखकर किया जाता है। हम अपने आपूर्तिकर्ता भागीदारों की प्रथाओं पर भी काफी बारीकी से गौर करते हैं क्योंकि वे पर्यावरणीय संरक्षण, मानवाधिकारों, श्रम और सामाजिक मानकों के अनुपालन के साथ-साथ भेदभाव और भ्रष्टाचार का विरोध करने वाली नीतियों से संबंधित होते हैं। AAM उत्तरदायी स्रोत के सिद्धांत के प्रति और हमारे आपूर्तिकर्ता भागीदारों से साझेदारी करने और उनके और हमारे स्थिर प्रदर्शन को और अधिक बढ़ावा देने के लिए वचनबद्ध है। हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता भागीदार लागू कानूनों का पूरी तरह से अनुपालन करेंगे और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त पर्यावरण, सामाजिक और कॉर्पोरेट प्रशासन मानकों (ESG मानकों) का पालन करेंगे। हम अपने आपूर्तिकर्ता साझेदारों से इस बात की भी अपेक्षा रखते हैं कि वे इस संहिता को जानें और इसका पालन करें या इस संहिता में बताई गई AAM की अपेक्षाओं के अनुसार सहिंता और/या नीतियों को निरंतर बनाए रखें। AAM उम्मीद करता है कि आपूर्तिकर्ता अपनी आपूर्ति शृंखलाओं के ज़रिए ऐसी ही अपेक्षाएं पूरी करते रहेंगे।

हम इस दस्तावेज में दिए गए मानकों की गहराई से समीक्षा करने के लिए आपकी सराहना करते हैं।





# मानवाधिकार और कार्य से जुड़ी स्थितियां

व्यापार और मानव अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र मार्गदर्शक सिद्धांत और व्यापार उद्यमों के लिए इसके मूलभूत सिद्धांत, जिसमें मानवाधिकारों के अंतर्राष्ट्रीय विधेयक और कार्य से संबंधित मौलिक सिद्धांत और अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की घोषणा में व्यक्त की गई बातें शामिल हैं जो कि मानवाधिकारों के संबंध में AAM के मूल्यों, सिद्धांतों, नीतियों और प्रथाओं के लिए एक मार्गदर्शक रूपरेखा प्रदान करते हैं।

AAM उम्मीद करता है कि आपूर्तिकर्ता भागीदार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त इन सिद्धांतों से तालमेल बिठाएंगे और मानव अधिकारों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को रोकने, कम करने और उन्हें दूर करने के लिए असरदार उपाय करेंगे। आपूर्तिकर्ता भागीदारों से AAM की मानवाधिकार नीति या समकक्ष अपेक्षाओं का पालन करने की अपेक्षा की जाती है और ऐसा करना उनके लिए आवश्यक है।

## समुदाय और हितधारकों की सहभागिता

आपूर्तिकर्ता साझेदारों से अपेक्षा की जाती है कि वे जिस देश में काम करते हैं, उस देश के मूल निवासियों की संस्कृतियों और परंपराओं का सम्मान करते हुए सामाजिक रूप से जिम्मेदार तरीके से अपना संचालन करें और समुदाय के विश्वास और समर्थन को प्राप्त करने के लिए सत्यनिष्ठा और नेक नीयत से कार्य करते रहें। AAM आपूर्तिकर्ता भागीदारों को स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर बारीकी से काम करने के लिए प्रोत्साहित करता है ताकि समुदाय को बेहतर बनाने वाली और वहां रहने वाले लोगों को लाभ पहुंचाने वाली परियोजनाओं और रणनीतियों को लागू किया जा सके।

## विविधता, समानता और समावेशन

AAM आपूर्तिकर्ता भागीदारों को समावेशी संस्कृतियों का विकास करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है जहां पर विविधता को अहमियत दी जाती है और उसका जश्न मनाया जाता है और हर इंसान अपनी सम्पूर्ण क्षमता से काम करके योगदान दे सकता है। आपूर्तिकर्ता साझेदारों से इस बात की अपेक्षा की जाती है कि वे जाति, रंग, धर्म, उम्र, लिंग, यौन अभिविन्यास, जेंडर पहचान, राष्ट्रीय मूल, विकलांगता, वयोवृद्ध स्थिति, आनुवंशिक जानकारी, गर्भावस्था या अन्य कारकों के आधार पर भेदभाव और/या उत्पीड़न रहित कार्यस्थलों को बनाए रखें, जो स्थानीय कानून की तरफ से संरक्षित हो सकते हैं।

## संघ की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदेबाजी

आपूर्तिकर्ता भागीदारों को प्रतिशोध लिए जाने, धमकाए जाने या उत्पीड़न के डर के बिना श्रमिक संघ में शामिल होने, इसे बनाने या शामिल ना होने के श्रमिकों के अधिकारों का सम्मान करना चाहिए। जहां कानूनी तौर पर मान्यता प्राप्त यूनियन की तरफ से श्रमिकों का प्रतिनिधित्व किया जाता है, वहां आपूर्तिकर्ता भागीदारों को अपनी यूनियन प्रतिनिधियों से सत्यनिष्ठा से सौदेबाजी के लिए वचनबद्ध होना चाहिए।



## कार्यस्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा

आपूर्तिकर्ता भागीदारों को श्रमिकों को लगने वाली चोटों में कमी लाने और समाप्त करने के लिए सुरक्षा प्रणालियाँ विकसित करने और काफी सक्रिय होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। आपूर्तिकर्ता भागीदारों को खतरनाक परिस्थितियों की पहचान करने और उन्हें कम करने के लिए जोखिम का मूल्यांकन करना चाहिए और सभी नौकरियों और कार्यों के लिए सुरक्षित कार्य प्रक्रियाओं को पहचानने और उन्हें मानकीकृत करने के लिए प्रक्रियाओं को अपनाना चाहिए। आपूर्तिकर्ता भागीदारों को सकारात्मक सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सुरक्षित ना लगने वाले व्यव-हारों की पहचान करने और उनमें बदलाव करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

आपूर्तिकर्ता भागीदारों को एक सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली रखनी चाहिए जिसमें दुर्घटना// घटना को रोकने के साथ ही साथ स्थायी सुधारात्मक कार्रवाई पर मुख्य रूप से ध्यान केन्द्रित किया गया हो। AAM ISO 45001 को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। स्पष्ट रूप से जाहिर प्रबंधन समर्थन, व्यवहार्य सुरक्षा समितियाँ, व्यापक रूप से की गई ऑडिट और अवलोकन प्रक्रिया और सीखने के लिए सकारात्मक माहौल सभी मिलकर एक सशक्त सुरक्षा कार्यक्रम के निर्माण में मदद करते हैं।

## कार्यस्थल पर सुरक्षा

आपूर्तिकर्ता भागीदारों को कार्यस्थल पर हो रही हिंसा की घटनाओं को रोकने में मदद करने के लिए कदम उठाकर अपने कर्मचारियों की सुरक्षा और बचाव को प्राथमिकता देनी चाहिए। अगर कोई भी व्यक्ति किसी भी अनुचित और/या गैरकानूनी कार्य या व्यवहार में लिप्त होता हो, उसके खिलाफ त्वरित और उपचारात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।

## बलात श्रम और मानव तस्करी

आपूर्तिकर्ता भागीदारों की भागीदारी मानव तस्करी में नहीं होनी चाहिए, मजदूर को ना तो बलात, ना ही इच्छा के विरुद्ध या ना ही दास के तौर पर इस्तेमाल किया जाना चाहिए। आपूर्तिकर्ता भागीदारों को बलात, इच्छा के विरुद्ध या दास के तौर पर श्रम को इस्तेमाल करने वाली कंपनियों से सामग्री या सेवाएँ नहीं खरीदनी चाहिए।

आपूर्तिकर्ता भागीदारों को मानवाधिकारों के संभावित हनन को पहचानने के लिए उचित जांच प्रक्रियाओं को अपनाना चाहिए, जिसमें संभावित सरकारी-श्रम योजनाओं जैसे कि पेयरिंग सहायता (इंटरनमेंट शिविरों सहित स्थापित की गई सैटेलाइट फैक्ट्री) तथाकथित गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम (अनैच्छिक कार्यक्रमों में लगाए जाना) और अनैच्छिक श्रम हस्तांतरण की सुविधा के लिए कृषि भूमि का जबरदस्ती अधिग्रहण शामिल है।

## बाल श्रम

बाल श्रम किसी भी रूप में बाल श्रम सख्ती से वर्जित है। स्थानीय नियमों के अनुसार आपूर्तिकर्ता भागीदारों को काम करने की न्यूनतम आयु के लिए लागू सभी कानूनों का पालन करना होगा और सिर्फ उन श्रमिकों को काम पर लगाना होगा जो लागू कानूनी आयु के लिए होने वाली न्यूनतम आवश्यकता को पूरा करते हैं। इसके अतिरिक्त, AAM आपूर्तिकर्ता भागीदारों को निम्नलिखित चीजें भी करनी होंगी:

- वे जिस भी क्षेत्र में काम कर रहे हैं, उन्हें वहां काम करने की न्यूनतम आयु का पालन करना होगा और 15 वर्ष से कम की आयु वाले किसी भी व्यक्ति के रोजगार को निषिद्ध करना होगा, भले ही स्थानीय कानून के तहत इसे अनुमति दी गई हो। इस आवश्यकता का एकमात्र अपवाद सरकार की तरफ से अधिकृत नौकरी प्रशिक्षण या अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम हैं जो प्रतिभागियों को साफ तौर पर लाभ पहुँचाते हैं।
- 18 वर्ष से कम की आयु के किसी भी व्यक्ति से काम करवाना निषिद्ध करें जिससे उनके स्वास्थ्य या सुरक्षा को खतरा हो सकता है, जिसमें रात की शिफ्ट में काम करना, ओवरटाइम करना या खतरनाक काम करना शामिल हैं।
- शैक्षिक साझेदारों पर पूर्णतया उचित तत्परता से ध्यान देकर, उचित तरीके से छात्र के कार्य के रिकॉर्ड रखकर और छात्र श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करके उत्तरदायी ढंग से छात्र श्रमिकों का प्रबंधन करें।

## कार्य के घंटे, वेतन और लाभ

आपूर्तिकर्ता भागीदारों को शासक कर्मचारी मुआवजे और काम के घंटों को नियंत्रित करने के लिए लागू होने वाले वैतनिक और प्रति घंटा श्रम कानूनों और विनियमों का पालन करना होगा।

## नैतिकता से की गई भर्ती

आपूर्तिकर्ता भागीदारों को काम की प्रकृति के बारे में संभावित श्रमिकों को गुमराह नहीं करना चाहिए या धोखा नहीं देना चाहिए, भर्ती के लिए श्रमिकों से शुल्क नहीं मांगना चाहिए और/या श्रमिक पासपोर्ट और सरकार की तरफ से जारी किए गए अन्य पहचान दस्तावेजों को जब्त करना, नष्ट करना, छिपाना और/या उन तक पहुंच से मनाही नहीं करनी चाहिए। भर्ती की शुरुआत में श्रमिकों को अच्छी तरह से समझ आने वाली भाषा में लिखित अनुबंध या रोजगार अधिसूचना प्राप्त होनी चाहिए, जिसमें उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों को ईमानदारी से, साफ तौर पर बताया गया हो।



## अल्पसंख्यकों और मूल निवासियों के अधिकार

आपूर्तिकर्ताओं को
संवेदनशील समूहों की मौजूदगी पर गौर करते हुए स्थानीय समुदायों के जीवन जीने की शिष्ट स्थितियों; शिक्षा, रोजगार, सामाजिक गतिविधियाँ और जिस भूमि पर वे रह रहे हैं, उनके अधिकारों का सम्मान करना चाहिए।

## भूमि संबंधी अधिकार और बलात निष्कासन

आपूर्तिकर्ताओं को भूमि, जंगल और पानी पर अधिग्रहण, विकास या अन्य उपयोग के लिए भूमि, जंगल और पानी से किसी भी तरह से बलात ढंग से निष्कासित करने या वंचित रखने से बचना चाहिए।

## AAM को समस्याओं की रिपोर्ट करना

आपूर्तिकर्ता भागीदार कानून की तरफ से लगाए गए किसी भी प्रतिबंध के तहत किसी भी संभावित अनुचित व्यावसायिक प्रथाओं या व्यवहार या इस संहिता की ओर से शासित मुद्दों से जुड़ी किसी भी समस्या के बारे में AAM को तुरंत सूचना देंगे और बाद में की जाने वाली किसी भी जांच में AAM के साथ सहयोग करेंगे। आपूर्तिकर्ता भागीदारों को ऐसी समस्या की सूचना देने वाले किसी भी व्यक्ति से प्रतिशोध नहीं लेना चाहिए। आपूर्तिकर्ता भागीदार किसी भी समस्या की रिपोर्ट करने के लिए हमेशा अपने AAM वैश्विक खरीद प्रतिनिधि से प्रत्यक्ष रूप से बातचीत कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, AAM के बिजनेस एथिक्स लाइन के तहत कर्मचारी, आपूर्तिकर्ता भागीदार, ग्राहक और अन्य लोग AAM को प्रभावित करने वाले दुर्व्यवहारों की समस्याओं की रिपोर्ट कर सकते हैं। AAM की टोल-फ्री बिजनेस एथिक्स लाइन पर कॉल करके और प्रशिक्षित, गैर-AAM कर्मियों से बात करके रिपोर्ट की जा सकती है, जो दिन में 24 घंटे, सप्ताह के सातों दिन या हमारे वेब-आधारित रिपोर्टिंग प्रणाली के माध्यम से उपलब्ध रहते हैं। जहां अनुमति हो, AAM प्रणाली वहां गुमनाम रूप से रिपोर्ट करने की अनुमति देती है।

AAM के बिजनेस एथिक्स लाइन की संपर्क जानकारी पाने के लिए निम्नलिखित लिंकों का उपयोग करे:
यूरोप के बाहर: https://aam.alertline.com
यूरोप: https://aameu.alertline.com



# पर्यावरणीय स्थिरता

सभी AAM आपूर्तिकर्ता भागीदारों को AAM की तरह ही पर्यावरणीय स्थिरता और उत्तरदायित्व के साथ समान स्तर की वचनबद्धता दिखानी चाहिए, जिसमें सही मायने में संवहनीय तरीके से काम करने के अनुपालन से भी आगे बढ़कर काम करना शामिल है।

AAM और, इसी वजह से, हमारे आपूर्तिकर्ता भागीदारों का कर्तव्य है कि हम अपने सहयोगियों, ग्राहकों और जिन समुदायों में हम काम करते हैं, उनके लिए और अधिक सतत भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए अपनी तरफ से पड़ने वाले पर्यावरणीय प्रभाव को कम करें। सभी आपूर्तिकर्ता भागीदारों से इस बात की अपेक्षा की जाती है कि वे लागू पर्यावरणीय कानूनों और विनियमों को जानें और उनका पालन करें और अपनी ओर से पड़ने वाले पर्यावरणीय प्रभावों का जिम्मेदारी से प्रबंधन करें। जरूरी परमिट और लाइसेंस प्राप्त होने चाहिए और उनकी आवश्यकताओं का पालन होना चाहिए। AAM ने पर्यावरणीय स्थिरता, खासतौर पर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से संबंधित लक्ष्य बनाए हैं, जिनके लिए हमारे आपूर्तिकर्ता भागीदारों की तरफ से सहयोग और साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। उत्सर्जन में कमी लाने के लक्ष्यों और उद्देश्यों के 1, 2 और 3 स्कोप पर अधिक विस्तृत जानकारी के लिए कृपया AAM की हालिया वार्षिक स्थिरता रिपोर्ट पर नजर डालें।

AAM पर्यावरणीय स्थिरता के लिए होने वाली अपेक्षाओं को पूरा करने में प्रगति और चालू प्रदर्शन को स्रोत संबंधी निर्णय लेने का कारक मानता है।

## अपशिष्ट

आपूर्तिकर्ता साझेदारों से इस बात की अपेक्षा की जाती है कि जब भी संभव हो, वे पुनर्चक्रण और पुनर्प्रयोग से स्वयं डाले गए प्रभावों को कम करें। इसके साथ-साथ, उन्हें संगठित संसाधन प्रबंधन पर जोर देने वाली चक्रीय अर्थव्यवस्था की अवधारणा को बढ़ावा देने वाली नीतियां लागू करनी चाहिए। पुनर्चक्रित सामग्री के जरूरी विशिष्टताओं को पूरा करने पर, आपूर्तिकर्ता भागीदारों को अपने कोटेशन में पुनर्नवीनीकरण विकल्प की पेशकश करनी होगी।


$CO_2$

1, 2 और 3 उत्सर्जन स्कोप

ऊर्जा

पानी

अपशिष्ट



## GHG उत्सर्जन एवं ऊर्जा

AAM के नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करने के लक्ष्य का समर्थन करने के लिए, आपूर्तिकर्ता भागीदारों से विज्ञान आधारित लक्ष्य (SBT) तय करने और विज्ञान आधारित लक्ष्य पहल (SBTi) द्वारा सत्यापन पाने के लिए वचनबद्धता की अपेक्षा की जाती है। AAM, CDP के माध्यम से पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के प्रयासों के बारे में बताकर आपूर्तिकर्ता भागीदारों को पारदर्शिता और जवाबदेहिता को अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। आपूर्तिकर्ता भागीदारों से इस बात की अपेक्षा की जाती है कि वे कम से कम ऊर्जा का उपयोग करें और जहां उपलब्ध हो, ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों को गैर-नवीकरणीय स्रोतों की जगह उपयोग में लाएं। आपूर्तिकर्ता भागीदारों से इस बात की अपेक्षा की जाती है कि वे GHG उत्सर्जन से संबंधित इन पहलों का समर्थन करने और अपनी प्रक्रियाओं में सम्पूर्ण ऊर्जा खपत में कमी लाने पर काम करने के लिए कार्यक्रम बनाएं। उत्सर्जन की मात्रा को सीमित करने के लिए जरूरी कोई भी परमिट प्राप्त किया जाना चाहिए और उसका पालन किया जाना चाहिए और उत्सर्जन नियंत्रण पर नजर रखने के लिए एक प्रणाली होनी चाहिए। उत्सर्जन में कमी लाने के लक्ष्यों और उद्देश्यों के 1, 2 और 3 स्कोप पर अधिक विस्तृत जानकारी के लिए कृपया AAM की हालिया वार्षिक स्थिरता रिपोर्ट पर नजर डालें।

## पानी

आपूर्तिकर्ता भागीदारों से इस बात की अपेक्षा की जाती है कि वे पानी के सभी स्रोतों की सुरक्षा करें और पानी का कम से कम उपयोग करें। आपूर्तिकर्ता भागीदारों द्वारा पानी के पुनर्चक्रण और पुनः प्रयोग करने के सकारात्मक कार्य किए जाने चाहिए।

AAM आपूर्तिकर्ता भागीदारों को जलवायु में परिवर्तन और जल की सुरक्षा से संबंधित पर्यावरणीय जोखिम का मूल्यांकन करने और इन अध्ययनों के परिणाम AAM को देने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित करता है ताकि हम इन मुद्दों के संबंध में अपनी मूल्य शृंखला को मूल्यांकित कर पाएं।

## उत्तरदायी रसायन प्रबंधन

आपूर्तिकर्ता भागीदारों को विनियामक अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए विनिर्माण प्रक्रियाओं और तैयार उत्पादों में प्रतिबंधित पदार्थों के उपयोग की पहचान करनी चाहिए, उनमें कमी लानी चाहिए या उन्हें समाप्त कर दिया जाना चाहिए। आपूर्तिकर्ता भागीदारों को प्रक्रियाओं और तैयार उत्पादों में किसी भी तरह के प्रतिबंधित पदार्थों के इस्तेमाल की जानकारी होनी चाहिए, और उत्पाद और पर्यावरणीय प्रबंधन को बनाए रखने के लिए उपयुक्त विकल्पों को सक्रियता से जांचना चाहिए।

## पशु कल्याण

आपूर्तिकर्ताओं को पशु कल्याण के संबंध में विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (OIE) की तरफ से औपचारिक तौर पर निर्धारित किए गए पांच पशु स्वतंत्रताओं का सम्मान करना चाहिए। किसी भी जानवर को ऑटोमोटिव उत्पाद में इस्तेमाल करने के उद्देश्य से पाला या मारा नहीं जाना चाहिए।

AAM शोध उद्देश्यों के लिए परीक्षणों में या हमारे उत्पादों को विकसित करने में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर ना जानवरों को इस्तेमाल करता है या ना ही कमीशन करता है। आपूर्तिकर्ता भागीदार AAM को किसी भी कच्चे माल, घटकों, भागों या असेंबली की आपूर्ति नहीं करेंगे जिसमें इसके शोध या विकास में जानवरों पर परीक्षण शामिल हो।

## जैव विविधता, भूमि का उपयोग और वनों की कटाई

आपूर्तिकर्ताओं को अपने संचालन संबंधी कार्यों से प्रभावित होने वाले पारिस्थितिक तंत्र, खासतौर पर अहम जैव विविधता क्षेत्रों की रक्षा करनी चाहिए, और जैव विविधता पर IUCN संकल्पों और सिफारिशों सहित अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता नियमों के अनुसार अवैध वनों की कटाई से बचना चाहिए। सभी आपूर्तिकर्ताओं से इस बात की अपेक्षा की जाती है कि वे लागू पर्यावरणीय कानूनों और विनियमों को जानें और उनका पालन करें और अपने पर्यावरणीय प्रभावों और पहलुओं का प्रबंधन जिम्मेदारी से करें। जरूरी परमिट और लाइसेंस प्राप्त होने चाहिए और उनकी आवश्यकताओं का पालन होना चाहिए। मृदा अपरदन, पोषक तत्वों के क्षरण, धसकन और संदूषण को रोकने के लिए आपूर्तिकर्ताओं को नियमित तौर पर मिट्टी की गुणवत्ता पर उनके प्रभाव की निगरानी और नियंत्रण करना चाहिए।

## प्रबंधन प्रणाली का प्रमाणन

मौजूदा समय में, AAM को अपने आपूर्तिकर्ता भागीदारों के लिए ISO14001 या ISO50001 प्रमाणन को तलाशने या प्राप्त करने की जरूरत नहीं है, बल्कि वह उन्हें पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली लागू करने के लिए सख्ती से प्रोत्साहित करता है। इसके अतिरिक्त, AAM कंपनी की जवाबदेहिता के लिए CDP जैसे प्लेटफॉर्मों पर स्वैच्छिक सार्वजनिक प्रकटीकरण को सकारात्मक मानती है। AAM, REACH और Global Harmonized सिस्टम जैसी विशिष्ट अंतर्राष्ट्रीय पहलों का समर्थन करता है और अपने आपूर्तिकर्ता भागीदारों से इन और अन्य अंतर्राष्ट्रीय जरूरतों को समझने और उनका अनुपालन करने की उम्मीद रखता है। जैसे ही सर्वोत्तम प्रथाएं स्थापित की जाती और बदली जाती हैं, आपूर्तिकर्ता की जिम्मेदारी होती है कि वह सभी पर्यावरणीय परियोजनाओं की प्रभावशीलता को मूल्यांकित करे और लक्ष्यों को समायोजित करे।



# उत्तरदायी स्रोत और उचित परिश्रम

आपूर्तिकर्ता भागीदारों को एक प्रबंधन प्रणाली विकसित करके अपने उत्पादों में उपयोग किए जाने वाले कच्चे माल और खनिजों को जिम्मेदारी से पाना चाहिए जो आपूर्ति शृंखला पता लगाने की क्षमता और पारदर्शिता को बढ़ावा देता है और संघर्षरत खनिजों की उत्तरदायी आपूर्ति शृंखलाओं के लिए OECD मार्गदर्शन के अनुसार सम्यक तत्परता से उचित उपायों को लागू करना चाहिए।

स्कोप में आने वाले आपूर्तिकर्ता भागीदारों को AAM की कॉनफ्लिक्ट खनिज नीति और वार्षिक कॉनफ्लिक्ट खनिज रिपोर्टिंग जरूरतों का पालन करना आवश्यक है। इसमें शामिल है - जो केवल इन्हीं तक सीमित नहीं हैं - AAM के आपूर्तिकर्ता भागीदार का अपने-अपने टियर्ड आपूर्ति बेस का सर्वेक्षण करना, AAM के वार्षिक कॉनफ्लिक्ट खनिज सर्वेक्षणों का उत्तर देना, पूर्ण और सटीक स्मेल्टर सूची प्रदान करना और AAM को आपूर्ति किए गए घटकों या संघ-टनाओं के कार्यक्षमता या उत्पादन के लिए आवश्यक टिन, टैंटलम, टंगस्टेन और सोने (3TG) के स्थान की जानकारी को जाहिर करना।



# उत्पाद की समग्रता

AAM सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और सेवाएँ देने के लिए वचनबद्ध है और हमारे आपूर्तिकर्ता भागीदार इस वचनबद्धता को पूरा करने के लिए अभिन्न अंग हैं। आपूर्तिकर्ता भागीदार उच्च गुणवत्ता वाले, सुरक्षित और असरदार सामान और सेवाएँ प्रदान करेंगे जो लागू ग्राहक विनिर्देशों, उद्योग मानकों और नियामक जरूरतों का पूरी तरह से अनुपालन करते हों। AAM इस बात की उम्मीद करता है कि उचित जोखिम मूल्यांकन और शमन तकनीकें उत्पादन प्रक्रियाओं पर लागू की जाएंगी और जहां आपूर्तिकर्ता भागीदार पूरी तरह या आंशिक तौर पर डिजाइन प्रक्रियाओं और परिमाणों के लिए भी उत्तरदायी हैं। किसी भी लागू सुरक्षा उद्देश्य, जरूरतों और/या कानूनों की उपलब्धि के लिए एम्बेडेड सॉफ्टवेयर या एंड-टू-एंड ऐप्लिकेशन की संलग्नता के लिए भी आपूर्तिकर्ता भागीदार के सहयोग और समर्थन की जरूरत पड़ती है। AAM सक्रियता से आपूर्तिकर्ता भागीदारों की ओर से प्रदान किए गए उत्पादों और सेवाओं की सुरक्षा और गुणवत्ता की निगरानी करेगा, लागू विकास गतिविधि के दौरान भी ऐसा किया जाना शामिल है। इसके अतिरिक्त AAM अपने आपूर्तिकर्ता भागीदारों से इस बात की अपेक्षा करता है कि वे अपने उत्पादों और सेवाओं की वजह से आए दोषों की जिम्मेदारी स्वीकार करें। AAM इस बात की भी अपेक्षा रखता है कि जब उत्पाद की गुणवत्ता और सुरक्षा की बात होती है तो आपूर्तिकर्ता भागीदार हमेशा आगे रहें और कभी भी प्रासंगिक डेटा में ना तो हेरफेर करें या ना ही उन्हें छिपाएं जिसके नतीजतन गुणवत्ता या सुरक्षा से जुड़ी समस्या आ सकती है। यदि उपलब्ध कराए उत्पादों या सेवाओं से जुड़ा कोई सुरक्षा संबंधी प्रश्न उठाया जाता है तो प्रत्येक AAM आपूर्तिकर्ता का यह दायित्व है कि वह AAM को तुरंत इसकी सूचना दें।



# व्यापार नैतिकता

## घूसखोरी और भ्रष्टाचार

AAM भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो व्यवसाय को प्राप्त करने या बनाए रखने या अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए रिश्वत, किकबैक या अन्य भ्रष्ट कार्यों पर रोक लगाते हैं। कई देशों में जहां AAM काम करता है, वहां घूसखोरी के खिलाफ विशिष्ट कानून हैं। संयुक्त राज्य विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम, यूके रिश्वत अधिनियम, ब्राजीलियाई स्वच्छ कंपनी अधिनियम और भारतीय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम ऐसे कानूनों के प्रमुख उदाहरण हैं। सभी आपूर्तिकर्ता साझेदारों से इस बात की अपेक्षा की जाती है कि वे AAM से या उसकी तरफ से व्यापार करते समय लागू होने वाले भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों का पालन करें। खासतौर पर, आपूर्तिकर्ता साझेदारों को AAM सहयोगियों, सार्वजनिक अधिकारियों या अन्य निजी या सार्वजनिक लीडरों को व्यवसाय प्राप्त करने या बनाए रखने के इरादे से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी प्रकार की रिश्वत, किकबैक या अन्य भ्रष्ट भुगतान प्राप्त करने या अन्य अनुचित लाभ की पेशकश करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

## उपहार एवं मनोरंजन

AAM समझता है कि छोटे उपहारों या मामूली व्यावसायिक मनोरंजन के तौर पर आतिथ्य सत्कार व्यावसायिक समायोजन में सामान्य सी बात है। हालाँकि, यह महत्वपूर्ण है कि ये उपहार और मनोरंजन कार्यक्रम किसी कर्मचारी के व्यावसायिक निर्णय पर असर ना डालें या ऐसा ना दिखाएं कि निर्णय पर असर पड़ सकता है। आपूर्तिकर्ता भागीदारों को AAM से व्यवसाय करते समय या उसकी ओर से व्यवसाय संचालित करते समय, उचित आतिथ्य की पेशकश करने या स्वीकार करने में संयम और विवेक से काम लेना चाहिए।

आपूर्तिकर्ता भागीदार ऐसा कोई भी उपहार ना तो दे सकते हैं और ना ही स्वीकार कर सकते हैं जिसका उद्देश्य व्यापार या सरकारी निर्णयों या कार्यों को प्रभावित करना है।

## व्यापार रिकॉर्ड्स

आपूर्तिकर्ता भागीदार लागू कानूनों और विनियमों के साथ-साथ उद्योग व्यापार मानकों के अनुसार अपनी व्यावसायिक गतिविधियों, संरचना, वित्तीय स्थिति और प्रदर्शन के संबंध में जानकारी को सटीकता से रिकॉर्ड और प्रकट करेंगे।

## हितों का टकराव

आपूर्तिकर्ता साझेदारों से इस बात की अपेक्षा की जाती है कि वे व्यावसायिक संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले हितों के सभी टकरावों से बचें और उनसे हितों के संभावित टकरावों को प्रबंधित करने के लिए आंतरिक नियंत्रण वाली किसी प्रणाली को इस्तेमाल करने की अपेक्षा की जाती है। यदि हितों के संभावित टकराव के बारे में कोई प्रश्न उठता है, तो मार्गदर्शन पाने के लिए मुद्दे को तुरंत आपके AAM वैश्विक खरीद प्रतिनिधि के पास ले जाया जाना चाहिए।






## उचित व्यापार आचरण

AAM सत्यनिष्ठा और नैतिकता से व्यावसायिक प्रथाओं के लिए वचनबद्ध है और अपने आपूर्तिकर्ता भागीदारों से भी इसी वचनबद्धता की उम्मीद रखता है।

आपूर्तिकर्ता भागीदारों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा कानूनों के मुताबिक काम करना होगा और वे मूल्य निर्धारण, बाजार या ग्राहक आवंटन, बाजार साझाकरण या बोली में की जाने वाली हेराफेरी में भागीदारी नहीं कर सकते हैं।

आपूर्तिकर्ता भागीदार बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करेंगे और गोपनीय जानकारी की सुरक्षा करेंगे। आपूर्तिकर्ता भागीदारों को उचित सुरक्षा उपायों को अपनाते हुए सभी AAM जानकारी, इलेक्ट्रॉनिक डेटा और बौद्धिक संपदा या AAM टेक्नोलॉजी की रक्षा करनी चाहिए। किसी भी गोपनीय जानकारी को इस तरह से हस्तांतरित किया जाना चाहिए जो AAM के बौद्धिक संपदा अधिकारों को सुरक्षित और संरक्षित करे और सभी प्रासंगिक निर्यात नियंत्रण कानूनों का अनुपालन करे। सिर्फ संविदात्मक समझौते द्वारा अधिकृत किए जाने पर ही आपूर्तिकर्ता भागीदार AAM की गोपनीय जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और उन्हें गोपनीय जानकारी का खुलासा नहीं करने, अनुबंध द्वारा अनुमति के अलावा जानकारी का उपयोग नहीं करने और जानकारी को दुरुपयोग या अनधिकृत प्रकटीकरण से बचाने के लिए अपने दायित्वों का पालन करना होगा। समय-समय पर, आपूर्तिकर्ता को AAM ग्राहक दस्तावेज की समीक्षा करनी पड़ सकती है। यदि यह स्थिति सामने आती है, तो आपूर्तिकर्ता को सभी जानकारी को AAM गोपनीय जानकारी के समान गोपनीयता के स्तर पर बनाए रखना होगा।

आपूर्तिकर्ता साझेदारों से इस बात की अपेक्षा की जाती है कि वे अपने उत्पाद और सेवा की पेशकश को स्पष्ट रखें और परिभाषित करें और AAM की तरफ से किए गए अनुबंधों की शर्तों का सम्मान करें।

## निर्यात नियंत्रण और आर्थिक प्रतिबंध

आपूर्तिकर्ता साझेदारों से इस बात की अपेक्षा की जाती है कि वे सभी लागू निर्यात नियंत्रण कानूनों के साथ ही साथ उन कानूनों का अनुपालन करें जो स्वीकृत देशों, संस्थाओं, व्यक्तियों या उद्योग क्षेत्रों से व्यापारिक संबंधों को प्रतिबंधित करते हैं या रोक लगाते हैं।

आपूर्तिकर्ता भागीदारों को प्रतिबंधों, निर्यात नियंत्रणों और बहिष्कार विरोधी जरूरतों का अनुपालन सम्यक तत्परता से करना चाहिए। आपूर्तिकर्ता साझेदारों से सीमा शुल्क गतिविधियों से जुड़े सटीक और रिकॉर्ड भी पूरी तरह से बनाए रखने की अपेक्षा रखी जाती है।

# विरोधी आवश्यकताएं

ऐसी स्थिति में जब इस संहिता में कोई भी आवश्यकता AAM वैश्विक आपूर्तिकर्ता आवश्यकता मैन्युअल या AAM आपूर्तिकर्ता भागीदारों की किसी अन्य आवश्यकता (उदाहरण के लिए, आपके और AAM के बीच हुए किसी समझौते के तहत) से टकराव होता है, तो AAM के साथ आपके अनुबंध की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

# कानूनी और अनुपालन समर्थन

यदि आप इस आपूर्तिकर्ता आचार संहिता की आवश्यकताओं के बारे में कोई प्रश्न पूछना चाहते हैं, तो आपको AAM पर अपने प्राथमिक खरीद संपर्क तक पहुंचना चाहिए। आप अपने प्रश्न AAM के कानूनी विभाग को भी भेज सकते हैं: Legal.Department@aam.com.

- AAM Human Rights Policy
- AAM की बिजनेस एथिक्स लाइन की संपर्क जानकारी
- AAM की टकराव खनिज नीति
- AAM पर स्थिरता
- AAM आपूर्तिकर्ता स्थिरता
- व्यापार और मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के मार्ग निर्देशन देने वाले सिद्धांत
- मानवाधिकारों का अंतर्राष्ट्रीय विधेयक
- कार्यस्थल पर मौलिक सिद्धांतों और अधिकारों पर ILO की घोषणा
- ILO न्यूनतम आयु कन्वेंशन संख्या 138
- ILO बाल श्रम के सबसे बुरे स्वरूप की कन्वेंशन संख्या 182
- पशु स्वास्थ्य के लिए विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (ILO)
- जैव विविधता पर IUCN के संकल्प और अनुशंसाएं